सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 28 दिसम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से शनिवार को राजभवन में राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री सुशील कुमार ने शिष्टाचार भेंट की और नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2024 की तैयारियों के संबंध में जानकारी दी। आयुक्त ने अवगत कराया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 24 दिसंबर, 2024 को अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रदेश के 11 नगर निगम, 43 नगर पालिका परिषद और 46 नगर पंचायतों के लिए सामान्य निर्वाचन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। 23 जनवरी, 2025 को मतदान और 25 जनवरी, 2025 को मतगणना संपन्न होगी।

आयुक्त ने बताया कि इस बार निर्वाचन प्रक्रिया में डिजिटलीकरण को प्राथमिकता दी गई है। सभी मतदाता सूचियों को आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है, जिससे आम जनता को आसानी से जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। पहली बार कुछ नगर निगमों में पिंक बूथ बनाए गए हैं, जहां मतदान दल की सभी सदस्य महिलाएं होंगी। इसके अतिरिक्त पहली बार मतगणना के परिणाम सीधे आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे, जो जनसामान्य के लिए उपलब्ध रहेंगे।

राज्यपाल ने निर्वाचन प्रक्रिया में डिजिटलीकरण के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए किए गए आयोग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के डिजिटलीकरण और मतगणना परिणामों के ऑनलाइन प्रदर्शन जैसे कदम निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और विश्वसनीयता को मजबूत करेंगे। राज्यपाल ने सुझाव दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया का बेहतर दस्तावेजीकरण किया जाए और निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को सम्मानित भी किया जाए।

............0............